झारखण्ड खेल प्राधिकरण,
मेगा स्पोर्ट्स कम्पलेक्स, होटवार, राँची

Pay & Play

होटवार, राँची स्थित, मेगा स्पोर्ट्स कम्पलेक्स परिसर में अवस्थित विभिन्न खेलों के स्टेडियमों में राज्य के खिलाड़ियों के प्रवेश एवं अभ्यास हेतु सदस्यता/मासिक शुल्क का निर्धारण।

पृष्ठभूमि

34वीं राष्ट्रीय खेल के आयोजन के लिए मेगा स्पोर्ट्स कम्पलेक्स, होटवार, राँची में निम्नलिखत आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया गया है:-

1. बिरसा मुण्डा मुख्य एथलेटिक्स स्टेडियम
2. शहीद गणपत राय इंडोर स्टेडियम
3. हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम
4. ठाकुर विष्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम
5. वेलोड्रम स्टेडियम

उपरोक्त सभी स्टेडियमों के बेहतर उपयोग के लिए एवं राज्य के होनहार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार के द्वारा सभी खिलाडियों/व्यक्तियों के प्रवेश/अभ्यास के लिए एकमुष्त सदस्यता शुल्क तथा मासिक शुल्क लेकर विभिन्न स्टेडियमों को उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए निम्नलिखित नियम एवं शर्तें हैं:-

(क) One Time सदस्यता शुल्क – बी०पी०एल० परिवार के अंतर्गत आनेवाले खिलाड़ियों/व्यक्तियों के लिए – 1000/–रू० एवं अन्य के लिए 5,000/–रू० प्रति व्यक्ति/खिलाडी।

(ख) मासिक शुल्क सभी स्टेडियमों के लिए (शुटिंग रेंज एवं तैराकी स्टेडियम को छोड़कर) – 200/– रू० प्रति खिलाड़ी/व्यक्ति प्रतिमाह।

(ग) 16 वर्ष के कम उम्र के खिलाड़ियों बच्चों एवं बी०पी०एल० परिवार के अतंर्गत आनेवाले खिलाड़ियों/बच्चों तथा मासिक शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत दी जायेगी।

3. <u>अभ्यास हेतु समय का निर्धारण</u>

प्रातः 6.00 बजे से 9.00 बजे तक

संध्या 4.00 बजे से 8.00 बजे तक

(सेंटर फॉर एक्सिलेंस योजनातंर्गत स्पोर्ट्स एकेडमी प्रारंभ होने के उपरान्त उपरोक्त समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जायेगा।)

4. झारखण्ड खेल प्राधिकरण द्वारा सिर्फ उक्त स्टेडियमों में प्रवेश/अभ्यास करने हेतु खिलाड़ियों को अनुमति प्रदान की जाएगी। अभ्यास करनेवाले खिलाड़ियों को खेल उपकरण यथा बैडमिंटन रैकेट, शटल कार्क इत्यादि स्वय लाना होगा। झारखण्ड खेल

प्राधिकरण के द्वारा कोई खेल उपकरण/सामग्री अभ्यास हेतु खिलाड़ियों को उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

5. **सदस्यता प्राप्त करने हेतु प्रक्रिया का निर्धारणः–**

(क) इच्छुक खिलाडी/व्यक्ति अपना आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर सदस्यता शुल्क (चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट झारखण्ड खेल प्राधिकरण के नाम से) के साथ झारखण्ड खेल प्राधिकरण के कार्यालय में जमा करेंगे। झारखण्ड खेल प्राधिकरण के द्वारा प्राप्त आवेदकों को समीक्षा कर 15 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदकों को सदस्यता कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।

(ख) ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर झारखण्ड खेल प्राधिकरण के द्वारा समीक्षाकर आवश्यकतानुसार सदस्यता कार्ड निर्गत किया जायेगा।

(ग) सादस्यात शुल्क एवं मासिक शुल्क चेक के माध्यम से झारखण्ड खेल प्राधिकरण के बैंक खाता में जमा कराया जाऐगा।

(घ) ओलंपिक एसोसियेशन के द्वारा निर्धारित पोशाक में आनेवाले खिलाड़ियों/व्यक्तियों को ही संबंधित स्टेडियमों में अभ्यास हेतु प्रवेश दिया जायेगा ताकि स्टेडियम में प्रवेश करनेवाले व्यक्तियों की पहचान बनी रहे तथा स्टेडियम को किसी तरह की क्षति नहीं पहुँचे।

(ड.) आवेदन पत्र, नियम एंव शर्तें सदस्यता कार्ड से संबंधित विस्तृत जानकारी झारखण्ड खेल प्राधिकरण, मेगा स्पोर्टस कम्प्लेक्स, होटवार में सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त किया जा सकता है।

20/11/12

कार्यकारी निदेशक,
झारखण्ड खेल प्राधिकरण
मेगा स्पोर्ट्स कम्पलेक्स.